भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2982 का उत्तर

विशेष रेल गाड़ियों के लिए किराया संरचना

2982. श्रीमती संजना जाटव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान विशेष सेवा से नियमित सेवा में परिवर्तित की गई रेल गाड़ियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ख) विशेष रेल गाड़ियों के किराए के निर्धारण के लिए अपनाए गए मानदंडों सहित उन पर लागू किराया संरचना का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हनुमानगढ़-जयपुर रेल गाडी का किराया उसी मार्ग पर चलने वाली अन्य नियमित रेल गाड़ियों के किराए से अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) नियमित सेवा में परिवर्तित की गई रेल गाड़ियों पर विशेष रेल गाड़ियों का किराया वसूलने के संबंध में प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा क्या है तथा उन पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और वर्ष 2024-25 में यात्री टिकटों पर 60,239 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई। यह राशि रेलों में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दी गई औसतन 43% रियायत के बराबर है। दूसरे शब्दों में, यदि सेवा प्रदान करने की लागत 100 रुपए है, तो टिकट की कीमत केवल 57 रुपए होती है। यह सब्सिडी सभी यात्रियों को दी जा रही है। इसके अलावा दिव्यांगजनों की

4 कोटियों, रोगियों की 11 कोटियों और छात्रों की 8 कोटियों जैसी कई कोटियों के लिए इस सब्सिडी से अतिरिक्त रियायतें दी जा रही हैं।

भारतीय रेल यात्रियों की बढ़ती यात्रा आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस उद्देश्य से नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू की जाती है, मौजूदा रेलगाड़ी सेवाओं को विस्तार दिया जाता है तथा उनके फेरों में वृद्धि की जाती है। इसके अलावा, मौजूदा रेलगाड़ी सेवाओं में सवारी डिब्बों की संख्या भी बढ़ाई जाती है। ये सभी कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि के अध्यधीन है।

इसके अलावा, व्यस्त अवधि, त्योहारों, विशेष आयोजनों आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, भारतीय रेल विशेष रेलगाड़ियाँ भी चलाती है और यातायात के स्वरूप, वाणिज्यिक औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता आदि को ध्यान में रखते हुए उनके नियमितीकरण का कार्य किया जाता है। तदनुसार, वर्ष 2024-25, 2025-26 तथा 2026-27 (जून, 2026 तक) के दौरान भारतीय रेल द्वारा 04705/04706 हनुमानगढ़-जयपुर स्पेशल सहित 245 रेलगाड़ी सेवाओं का नियमितीकरण किया गया है।

04705/04706 हनुमानगढ़-जयपुर स्पेशल को दिनांक 01.06.2026 से नियमित रेलगाड़ी सेवा के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है और इसे 14709/14710 हनुमानगढ़-जयपुर एक्सप्रेस के रूप में चलाया जा रहा है। तदनुसार, इसका किराया मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ी के किराए के समान है। पूर्ण रूप से द्वितीय श्रेणी अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ियों का किराया द्वितीय श्रेणी अनारक्षित नियमित समय-सारणीबद्ध रेलगाड़ी के किराए के समान होता है। बहरहाल, आरक्षित सीटों वाली स्पेशल रेलगाड़ियों का किराया नियमित समय-सारणीबद्ध रेलगाड़ियों की तुलना में कुछ अधिक होता है।

******